# ग्रीन एनर्जी का पावर हाउस बनता विंध्य

## दिल्ली मेट्रो के बाद इंदौर-भोपाल को भी देगा सौर ऊर्जा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 1 नवम्बर, रीवा जिले के गुढ़ सोलर प्लांट से अभी तक दिल्ली की मेट्रो ट्रेन चल रही थी पर बहुत जल्द इंदौर और भोपाल की मेट्रो ट्रेन भी यहा की बिजली से दौड़ेगी. एशिया के सबसे बड़े सौर्य ऊर्जा केन्द्र अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क का विस्तार भी किये जाने की योजना है. इंदौर भोपाल मेट्रो को बिजली आपूर्ति को अंतिम तैयारी देने का काम चल रहा है.**

रीवा जिले की गुढ़ तहसील में स्थापित 750 मेगावाट क्षमता वाला यह सोलर पार्क पहले ही दिल्ली मेट्रो को दिन के समय बिजली सप्लाई कर रहा है. दिल्ली मेट्रो की लगभग 60 से 90 प्रतिशत बिजली जरूरत रीवा की हरित ऊर्जा से पूरी होती है. अब यही सफल मॉडल इंदौर और भोपाल मेट्रो में लागू किया जाएगा, जिससे दोनों शहर देश के पहले ग्रीन मेट्रो शहरों में शुमार होंगे. सरकार ने वर्ष 2026 तक मेट्रो को रीवा सोलर ग्रिड से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है. इससे न केवल पर्यावरण को लाभ मिलेगा बल्कि राज्य को करोड़ों रुपये की बचत भी होगी, क्योंकि सौर ऊर्जा की दर पारंपरिक बिजली से करीब 30 से 40 प्रतिशत कम है. रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड, जो मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम और



सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का संयुक्त उपक्रम है, इस विस्तार परियोजना की रूपरेखा पर तेजी से काम कर रहा है. यह विस्तार न केवल मेट्रो परियोजनाओं को हरित ऊर्जा उपलब्ध कराएगा बल्कि राज्य की समग्र ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगा.


रीवा सोलर पार्क का असर स्थानीय स्तर पर भी दिख रहा है. रीवा के बदवार, बरसैता देश, इटार पहाड़ और रामनगर जैसे गांवों में इस परियोजना ने विकास की नई कहानी लिख दी है. रीवा सोलर पार्क के जरिए पैदा हुई यह स्वच्छ ऊर्जा अब प्रदेश के शहरों को नई रफ्तार देने जा रही है. भोपाल और इंदौर मेट्रो की पटरियों पर जब गाड़ियां दौड़ेंगी, तो उनमें बहती ऊर्जा रीवा की धरती से आई होगी. वो ऊर्जा जो सिर्फ बिजली नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की हरित प्रगति का प्रतीक बनेगी.

### सोलर पार्क की क्षमता बढ़ाने की योजना

रीवा सोलर पार्क का यह मॉडल अब मुनाफे और आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुका है. लगभग 2800 करोड़ रुपये के निवेश से तैयार हुए इस प्रोजेक्ट ने शुरुआती वर्षों में ही सरकार को अपेक्षा से अधिक राजस्व दिया. राज्य को इससे न सिर्फ पंजीकरण शुल्क के रूप में करोड़ों रुपये मिले, बल्कि हर साल लगातार बढ़ता मुनाफा भी मिल रहा है. यही कारण है कि अब सरकार इस परियोजना के विस्तार की दिशा में तेजी से काम कर रही है. अधिकारियों के अनुसार रीवा सोलर पार्क की क्षमता 750 मेगावाट से बढ़ाकर 1200 मेगावाट तक की जाएगी, जिसके लिए करीब 800 एकड़ अतिरिक्त भूमि पहले ही चिन्हित की जा चुकी है.

# गजब होइगा आसव दिवारी अउर एकदशी दोनों झरियारे मा बीती

बदलत-बदलत सब कुछ एता बदल जई कि दिवारी अउर एकादशी दोनों झरियारे मा बीत सकत ही कबहुँ कोउ ना सोचे रहा होइ.आसव दायु करके जता दीन्हिस.देश-दुनिया मा इया बहस बहुत दिनन से चलत आय की अब सब जग्घा का वातावरण बदल रहा हय. एहि से पहिले जहाँ बरसत नाही रहा हूआ बूड़ा चढय लग हय. जहां बरसत रहा हवां जब बरसा चाही रहा है तब ना बरस कै अब बरस रहा हय. इया जउन प्रकति का तालमेल बिगड़ा हय. यखे खितिर हम सब कोउ जिम्मेवार हेयन.ऐसे की जहाँ हम पाच्य रहित हेयन वहाँ सब कुछ रहय कै अनुकूल रहय इया जिम्मेवारी सब कै आय.चारो कई नदी,पहाड़ लोग बिना जांच-पड़ताल खोद रहे हय. जंगल सिकुड़ कै बगिया बनत जात हय. इया नीक ना होय.ऐसे की पुरखा कहि गे हय कि जउन पांच ततव से मिल कै इया मनुक का तन बना हय. इया तबय तक नीक रह पाई जब ऐखा बनामय बाले नीक रही हय. हरियरी ना रहय से हवा शुद्ध नाही मिल सकय. नदी कय बारु निकर कै वोहि सब जग्घा झझर कई दीन गा. अब कहत हय की पहाड़ धसत हय. जब नीचे से जमीन खोखल ही ता धसबय करि जब खोदय मा नाही सोचे हय ता देखामय का टेसुआ बहाए से अब कुछु नाही होइ सकय. फेर अब मनई अपने आप का एता जानकर मान लिहिस की अपने से पइदा होय वाले कूड़ा-करकट का खुदय खाद मा बनमय कै बजाय दूसरे का साउप देत हय. जेहि सउपा जात हय वहो उनमा से मतलब कै चीज छट-बीन कै बेच लिहिस बाकी जउन बचा वोखे ऊंच-ऊंच पहाड़ बनय देत हय. बड़े शहरन मा इयां मेर कै पहाड़ खूब देखय का मिलत हय. हमार कहब इया हय कि पुरखन से कुछु सीखी भले कम पढे लिखे रहे होय पर सब से कइसन तालमेल बनामय का हय इया निकहे से जानत रहे.




# सावन-भादो की तरह लबालब भरे खेत

## फसले बर्बाद, किसान चिंतित, अभी तक नहीं पहुंचा सर्वे दल



**नवभारत न्यूज**
**चितरंगी,1 नवम्बर। विकासखण्ड चितरंगी क्षेत्र में पिछले पॉच दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश से खेतों में सावन-भादो मास की तरह लबालब पानी भर जाने से धान समेत अन्य फसले बर्बाद हो गई हैं।**

दरअसल जिले में पिछले पॉच दिनों से अंचल समेत ऊर्जाधानी में बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया है। आलम यह है कि अंचल के करीब 60 फीसदी फसलें तबाह हो चुकी है। जिसमें मुख्य रूप से धान, उड़द शामिल है।

चितरंगी क्षेत्र के फुलकेश, खैरा, धरौली, गांगी, बड़कुड़, गोड़हा, पोड़ी, लमसरई, देवगांव, नौडिहवा, बरहट, विजयपुर, बर्दी, चिकनी, मनिकपुर, कोरसर समेत सैकड़ों गांवों की धान की फसले करीब-करीब पानी में तैरते हुये सड़ने लगी हैं। यहां तक कि धान की फसले खेतों एवं खलिहानों में अंकुरित होने लगी हैं। फसलों को बर्बाद होते देख अन्नदाताओं में हाय तौबा मच गया है। वहीं अन्नदाताओं का आरोप है कि इस विधानसभा क्षेत्र मंत्री भी हैं और भाजपा संगठन में बड़े ओहदे पर हैं।

लेकिन किसानों की पीड़ा को कोई नही समझ रहा है। भाजपा के नेता जश्न मनाने में लगे हैं। जिसके चलते राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अभी तक कई गांवों में सर्वे करने नही पहुंचे। यहां के कई अन्नदाताओं ने संभागायुक्त एवं कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# जांच के संयुक्त दल ने पकड़ा हाइवा

## अवैध खनन पर प्रशासन की सख्त निगरानी

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 1 नवम्बर. कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन तथा संभागीय उ?नदस्ता प्रभारी बसंत राम एवं खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में वनदूखनिज संयुक्त दल द्वारा जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सतत निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।**


इसी क्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी नवीन सिंह एवं खनि निरीक्षक शिशिर यादव के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने 31 अक्टूबर 2025 की रात लगभग 9.30 बजे वन अवरोध नाका बघवार (तहसील रामपुर नैकिन) के समीप कार्रवाई की ।जांच के दौरान टीम ने एक हाइवा वाहन को रोका जो व्योहारी से रीवा की ओर रेत से भरा हुआ जा रहा था। पूछताछ में चालक द्वारा परिवहन अनुज्ञा पत्र (टी. पी.) प्रस्तुत नहीं किया गया। वाहन चालक ने स्वीकार किया कि वह ग्राम कुबरी (तहसील रामनगर, जिला मैहर) से रेत अवैध रूप से लोड कर रीवा ले जा रहा था। टीम द्वारा मौके पर पैमाइश कर वाहन में 24.65 घन मीटर अवैध रेत लोड पाया गया। वाहन पर नंबर अंकित नहीं था, किंतु चेचिस नंबर क्ष्569002क्क3क्क7919 पाया गया। पूछताछ में चालक अनूप कुमार वैस पिता सुभाषचंद्र वैस, निवासी सरिया, थाना रामनगर, जिला मैहर ने वाहन क्रमांक स्क्का8ध्8883 बताया। वाहन स्वामी का नाम जयप्रकाश सिंह वैस, निवासी ग्राम समान, पोस्ट बुडवा, थाना देवलोंद, जिला शहडोल बताया गया। संयुक्त दल द्वारा नियमानुसार वाहन एवं खनिज जब्त कर सुरक्षार्थ पिपरांव पुलिस चौकी की अभिरक्षा में सौंपा गया है। वाहन स्वामी/चालक के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कलेक्टर सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। वन एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अंतरजिला खनिज परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है। अवैध उत्खनन, परिवहन या भंडारण की किसी भी गतिविधि की सूचना मिलते ही क?ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि अवैध खनन और परिवहन करने वालों पर किसी भी स्थिति में रियायत नहीं दी जाएगी।



# बारिश की मार से किसानों की फसलें तबहा, राहत राशि की मांग

**नवभारत न्यूज**
**देवसर, 1 नवम्बर। देवसर तहसील क्षेत्र के ग्राम खड़ौरा निवासी अन्नदाता रामाश्रय द्विवेदी ने आवेदन पत्र देकर बारिश में हुये फसलों का नुकसान का भरपाई कराये जाने की मांग कलेक्टर से की है।**

उन्होंने पत्र के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराया है कि पिछले पॉच दिनों तक हुई बारिश से समूचे जिले की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिले के किसानों को राहत राशि उनके फसल नुकसान के अनुसार दिलाई जाए, ताकि उनके भरण पोषण की समुचित व्यवस्था हो सके। देखा जाए तो धान की फसल पूरी तरह से अंकुरित हो गई है, इसी तरह किसानों द्वारा बोया गया, रवि फसल चना मसूर मटर राय की फसल भी प्रभावित हो गई है।



# मंदाकिनी घाट पर सवा लाख दीप हुए प्रज्वलित

## राज्यमंत्री ने किया सांध्य भजन संध्या का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 1 नवंबर। श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा जिला प्रशासन सतना के सहयोग से देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर आयोजित दीपोत्सव में चित्रकूट के पावन मां मंदाकिनी घाट पर 1 लाख 11हजार 111 से भी कही अधिक दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव पर्व मनाया गया ।इस अवसर पर राघव प्रयाग घाट पर सागर के विभोर फ्यूजन बैंड के कलाकारों ने श्री राम के भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्ति मय बनाया ।**

सांध्य भजन संध्या का शुभारंभ नगरीय विकास एवम आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। विभोर फ्यूजन बैंड के कलाकारों ने सजा दो घर को गुलशन सा ,मेरे सरकार आए हैं ।और मारुति नंदन हे सुख बंधन सुन लो मेरी पुकार पवन सुत बिनती बारंबार,की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह,अपर कलेक्टर विकास सिंह,सहायक कलेक्टर एवं सीईओ जनपद अनिकेत शांडिल्य,नगर परिषद अध्यक्ष साधना पटेल,जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल,जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय,प्रबल श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन तथा नगरवासी उपस्थित रहे।

चित्रकूट के पंचवटी घाट पर बालाघाट की गायिका मुस्कान चौरसिया ने राम का भवन बन गया... हे भारत के राम जागो..., युग राम राज का आ गया..., कीजो केसरी के लाल..., घर मोरे पधारिये..., भारत का बच्चा-बच्चा जय-जय श्रीराम... जैसे भक्ति गीतों की प्रस्तुति दीद्य इसके अलावा भरत घाट पर भी मां मंदाकिनी गंगा की महा आरती और दीपोत्सव के साथ ही आतिश बाजी के कार्यक्रम भी संपन्न हुए




### आज बांटे जाएंगे गणना पत्रक

**सतना,1 नवम्बर.** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग आफीसर विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट, रैगांव, नागौद, सतना एवं रामपुर बाघेलान समस्त तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया गया.

# बलियरी में युवक फांसी के फंदे पर झूला

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली, 1 नवम्बर। कोतवाली थाना क्षेत्र बैढ़न के समीपी बलियरी में बीती रात 19 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।**

मृतक की पहचान रामायण प्रजापति पिता राजकरण प्रजापति निवासी बलियरी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और घर में मातम का माहौल छा गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। परिजन गहरे सदमे में हैं और लगातार रो-रोकर बेसुध हो रहे हैं।




# स्व सहायता समूह के स्टॉल से कमिश्नर रीवा ने की खरीददारी

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली, 1 नवम्बर। जिले के प्रवास पर आये रीवा कमिश्नर बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में संचालित स्व सहायता समूह के स्टॉल से श्रीअन्न निर्मित खाद्य पदार्थो रागी के लड्डू सहित अन्य की खरीदारी की।**

इस दौरान डिप्टी कमिश्नर सुदेश मालवीय, कलेक्टर गौरव बैनल उपस्थित रहे। कमिश्नर ने स्टाल उपस्थित स्वा सहायता समूह की महिलाओ से संवाद कर उन्हे प्रोत्साहित करते हुयें स्टाल से हर महिने होने वाली आय के संबंध में जानकारी ली। वही समूह की सदस्य शिवकुमारी जयसवाल ने कमिश्नर को अवगत कराया कि स्टाल के माध्मय से उन्हे अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। महिने भर मे वें कम से कम 20 हजार से 30 हजार रूपये की आमदनी प्राप्त हो रही है।





# मिशन कर्मयोगी में विंध्याचल ने हासिल की 100 प्रतिशत कवरेज

**नवभारत न्यूज**
**विंध्यनगर, 1 नवम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल ने मिशन कर्मयोगी के तहत राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम की सफल पूर्णता के साथ एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।**

आरएलआई विंध्याचल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह में यह उल्लेखनीय घोषणा की गई कि 7 से 30 अक्टूबर के बीच आयोजित 26 एक-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्टेशन के सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर 100 प्रतिशत कवरेज प्राप्त कर ली गई है। यह व्यापक क्षमता-विकास पहल शासन के नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण को सशक्त बनाने और सेवा भाव की भावना को प्रत्येक कर्मचारी में आत्मसात करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। समापन समारोह में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मिशन कर्मयोगी ने एनटीपीसी विंध्याचल में संवेदनशीलता, गुणवत्ता एवं दक्षता की संस्कृति को मजबूत किया है। उन्होंने आरएलआई टीम और मास्टर ट्रेनर्स के समर्पण की प्रशंसा करते हुए इसे कर्मचारी से कर्मयोगी की दिशा में रूपांतरण का प्रेरक उदाहरण बताया।

एजे राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने भी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि सभी विभागों में इस प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप व्यवहारिक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

# सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी अहंकार नहीं होना चाहिए : शुक्ल

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में युवा अभिप्रेरणा कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 1 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज विन्ध्य के गौरव थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी की उपस्थिति में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में आयोजित युवा अभिप्रेरणा कार्यक्रम में शामिल हुए.**

इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी अहंकार नहीं होना चाहिए. संस्कारवान व्यक्ति के संस्कार उसे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं. उन्होंने युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप उत्तरोत्तर प्रगति करें और उच्च पदों पर पहुंचे जिससे देश और प्रदेश में आपका नाम सम्मान से लिया जाय.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि थल सेना अध्यक्ष के रीवा आगमन पर हम सब गौरवान्वित हैं. टीआरएस परिसर में उनके आगमन से उत्साह एवं उमंग का वातावरण है. ऑपरेशन सिंदूर में थल सेना अध्यक्ष व नौसेना प्रमुख देश में हीरों के तौर पर उभर कर आयें हैं. उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में उपस्थित जस्टिस व्ही.के. सिंह के मानस पटल पर भी रीवा की स्मृतियाँ सजीव हैं. उप मुख्यमंत्री ने स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय द्वारा किये गये कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति हमारे देश का वर्तमान व भविष्य हैं. इस कार्यक्रम से उन्हें जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा मिलेगी. कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती अर्पिता अवस्थी ने थल सेना अध्यक्ष का शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया. थल सेना अध्यक्ष ने महाविद्यालय के प्राचार्य को के-9 बज्र की प्रतिकृति भेंट की. इससे पूर्व थल सेना अध्यक्ष ने ठाकुर रणमत सिंह, शहीद पदमधर सिंह एवं माँ सरस्वती की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया. कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र ताम्रकार, डॉ. अमित तिवारी सहित प्राध्यापक, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शिप्रा द्विवेदी द्वारा किया गया.






### ऊर्जा, उत्साह और सोच की दिशा सही रखें : द्विवेदी



कार्यक्रम में थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा उत्साह और सोच को सही दिशा में लगाकर देश को ऊंचाईयों तक ले जाने का संकल्प लें. अनुशासन और मार्गदर्शन मिलने से हमारे देश की युवा शक्ति भारत को और आगे ले जाने में सहायक होगी. उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, साहस, स्पष्टपता, साथ मिलकर कार्य करने तथा परिवर्तन ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलता दिलाई. प्रधानमंत्री जी ने सेना को खुली छूट दी और हमने आतंकवाद को समाप्त किया. उन्होंने कहा कि सिंदूर अभियान की लड़ाई सिर्फ सेना ने नहीं बल्कि देशवासियों ने एकता के साथ लड़ी. उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि टीआरएस कॉलेज की फुटबाल टीम को देखकर हम लोग के मन में ईर्षा होती थी. हमारे पूज्य पिता जी कृष्ण द्विवेदी ने भी इस ऐतिहासिक महाविद्यालय में अपनी पढ़ाई की थी. इस महाविद्यालय का मेरी परवरिश में महत्वपूर्ण योगदान है. उन्होंने कहा कि रीवा में आपसी भाईचारा और सौहार्द बहुत है. यहां सब लोग मिलकर रहते हैं और उनमें अपनत्व बहुत है. उन्होंने कहा कि रीवा की भूमि में अनेकों वीर सपूत दिये हैं जिनमें कई वीरचक्र, शौर्यचक्र एवं अन्य सम्मान प्राप्त योद्धा शामिल हैं.

### विन्ध्य की विभूतियों ने कर्म से महानता अर्जित की है : सिंह

कार्यक्रम में न्यायमूर्ति व्ही.के. सिंह ने कहा कि विन्ध्य की विभूतियों ने कर्म से महानता अर्जित की है. थल सेना अध्यक्ष व नौसेना प्रमुख एक ही विद्यालय के एक साथ पढ़ने वाले छात्र हैं. उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी ने रीवा को विकास के शिखर पर पहुंचाया है. रीवा का भाईचारा यहां की विशेषता है. जो अपनापन यहां है वह अन्य जगह देखने को नहीं मिलता है.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99